कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.09.2024

विषय:- थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा 02 नफर शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 53 अदद सफेद धातु के बर्तन व घटना में प्रयुक्त अदद स्कूटी बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 335/24 धारा 306/324(4)/61(2) BNS थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित शातिर अभियुक्तगण 1. बरसातू पुत्र विष्णु निवासी अम्बेडकर कालोनी सदर बाजार थाना कैंट कमिश्नरेट वाराणसी व 2. अजमत खान पुत्र मो0 ईशाक खान निवासी CK 65/185 बडी पियरी थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-05.09.2024 समय 00.09 बजे आर्मी हॉस्पिटल से कुछ दूरी पर थाना कैण्ट जनपद वाराणसी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशानदेही पर चोरी के 53 अदद सफेद धातु के बर्तन व घटना में प्रयुक्त अदद स्कूटी बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग रमाडा होटल में काम करते हैं। अभियुक्त बरसातू ने बताया कि मैं अजमत के कहने पर लालच में आ गया था और इसी के कहने पर चोरी करता था और मैं होटल से जो बर्तन चुराता था, उसको हम दोनों द्वारा निर्धारित स्थान आर्मीहॉ स्पिटल के आसपास ले जाकर रख देता था जिसको मेरे जाने के बाद अजमत धीरे-धीरे ले जाकर बेच लेता था, उससे जो पैसे मिलते थे उसमें से कुछ पैसे वह मुझे भी दे देता था। बरसातू से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि जो सामान मैंने 1 तारीख को चुराया था उसको धीरे-धीरे करके वहीं आर्मी हॉस्पिटल के पास एक पाइप है उसी में रख देता था जहां से अजमत उसको उठा ले जाता था यह बात हम दोनों के अलावा कोई नहीं जानता था आप चलेंगे तो मैं आपको इस जगह पर अभी भी रखा हुआ सामान दिखा सकता हूं। अभियुक्त बरसातू की निशानदेही पर आर्मीहॉस्पिटल से कुछ दूर पहले चोरी के समान को एक बड़ी काली पॉलीथिन से पाइप से बरामद किया गया तथा दूसरे अभियुक्त अजमत खान से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि साहब बरसातू ने तो सारी पोल खोल ही दी है मुझसे गलती हो गई मेरे अंदर लालच आ गया था इसी कारण मैं बरसातू से चोरी करवाता था और सामान को ले जाकर बेच देता था, कुछ सामान मेरी स्कूटी में भी पड़ा है, मैं चलकर उसे दिखा सकता हूं यह सब बात हमारे मालिक को पता चल गई थी इसी कारण से मैं नौकरी भी छोड़ देना चाहता था लेकिन बरसातू के कारण मैं पकड़ा गया। अभियुक्त

अजमत खान की निशानदेही पर होटल रमाडा के पीछे भाग टेनिस स्कोर्ट के सामने बड़ा लान के पास स्कूटी के पास पहुंचकर चोरी का सामान बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. बरसातू पुत्र विष्णु निवासी अम्बेडकर कालोनी सदर बाजार थाना कैंट कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 55 वर्ष।
2. अजमत खान पुत्र मो0 ईशाक खान निवासी CK 65/185 बडी पियरी थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 51 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1- चोरी के 53 अदद सफेद धातु के बर्तन।

2- एक अदद सफेद रंग की होंडा एक्टिवा स्कूटी रजि0 नं0- UP65 BA0996 ।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- आर्मी हॉस्पिटल से कुछ दूरी पर थाना कैण्ट जनपद वाराणसी से दिनांक 05.09.2024 को समय करीब 00.09 बजे ।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 335/24 धारा 306/324(4)/61(2) BNS थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 धर्मचन्द्र थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 विकास सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 पवन कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अजीत कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।